दिनांक : 19.04.2025 **समय : 02.10PM**

आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

विश्व लिवर दिवस

आज दुनिया भर में लिवर से जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करके स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व लिवर दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने के लिए, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज नई दिल्ली में स्वस्थ लिवर– स्वस्थ भारत कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

मुख्यमंत्री–वामन

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने भारत रत्न एवं संस्कृत के विद्वान डॉक्टर पांडुरंग वामन काणे जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर कहा है कि संस्कृत के विद्वान, कई ग्रंथों के रचयिता भारत रत्न डॉ. पांडुरंग वामन काणे जी की अमूल्य एवं प्रेरणादायी रचनाएं सदैव साहित्य जगत को आलोकित और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हर जिले में पुराने तालाबों के गहरीकरण, कुओं की साफ–सफाई के अलावा अन्य जल स्त्रोतों को दुरुस्त करने समेत पौधारोपण संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर में पलकमती नदी में जल संचयन और भू–जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से बोरी बंधान कार्य किया जा रहा है। इससे वर्षा जल का संचयन बेहतर ढंग से हो सकेगा तथा क्षेत्र का भू–जल स्तर बढ़ेगा। वहीं सतना जिले की ग्राम पंचायत भटवां के मंदाकिनी नदी उद्गम स्थल में पूजन एवं जन चर्चा कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शामिल हुए।

भारत अंतरिक्ष मिशन

भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन के हिस्से के रूप में अगले महीने एक भारतीय यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र–आईएसएस के लिए उडत्रान भरेंगे। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सियोम अंतरिक्ष मिशन एएक्स–6 का हिस्सा होंगे। अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कल इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस मिशन के जरिये भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।

एपीडा–अनार

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण – एपीडा ने महाराष्ट्र से अमरीका तक भारतीय अनार की पहली वाणिज्यिक समुद्री खेप की सुविधा प्रदान की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि लगभग 14 टन वजन वाले भारतीय भगवा किस्म के अनार के चार हजार छह सौ 20 बक्सों की पहली समुद्री खेप मार्च के दूसरे सप्ताह में अमरीका के पूर्वी तट पर पहुंची। यह खेप रवाना होने के पांच सप्ताह के भीतर ही अमरीका पहुंच गई। मंत्रालय ने इसे भारत के ताजे फलों के निर्यात के लिए मील का पत्थर बताया।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच दोपहर बाद साढे तीन बजे शुरू होगा। अक्षर पटेल के नेतृत्व वाली डेल्ही कैपिटल्स ने अब तक खेले गए छह मैचों में से केवल एक मैच हारा है। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली गुजरात टाइटंस टीम की बल्लेबाजी बेहद मजबूत है। जयपुर में शाम को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई जिलों में तापतान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहा। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन–जबलपुर समेत 28 शहरों में सबसे ज्यादा गर्मी रही। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम से आ रही गर्म हवाओं की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हुई है। शनिवार सुबह से ही तेज धूप का असर शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे के बाद गर्मी बढ़ गई है।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 54 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 42 हजार 826 किसानों ने पंजीयन कराया है।
- खेतों में फसल कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित है। शिवपुरी में 6 किसानों पर नरवाई जलाने पर एफआईआर दर्ज की गई है।

नमस्कार